एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कैटरीना ने नयनतारा को बताया दक्षिण की खूबसूरत सुपरस्टार

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने अपनी मेकअप लाइन के ब्यूटी के प्रचार के लिए दक्षिण की सुपरस्टार नयनतारा के साथ जुड़ीं और कैटरीना ने इसके लिए उनकी जमकर प्रशंसा भी की। कैटरीना ने इंस्टाग्राम पर एक ब्लैक एंड व्हाइट वीडियो साझा की। इस क्लिप में दोनों अभिनेत्रियों को आपस में बात करते हुए देखा जा सकता है। इस क्लिप के कैप्शन में कैटरीना ने लिखा, अपने व्यस्त शेड्यूल में से वक्त निकालकर के ब्यूटी कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए मुंबई आने की वजह से दक्षिण की खूबसूरत सुपरस्टार नयनतारा को बहुत-बहुत धन्यवाद। बेहद उदार और शालीन..। आने वाले समय में कैटरीना, रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी। इस फिल्म के साथ कैटरीना और अभिनेता अक्षय कुमार नौ साल बाद फिर से साथ काम करने जा रहे हैं। ये दोनों इससे पहले नमस्ते लंदन, सिंह इज किंग, हमको दीवाना कर गए, वेलकम और तीस मार खान जैसी फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम कर चुके हैं।

.... को इंजॉय करना चाहिए लेकिन उसमें कुछ भावनाएं भी होनी चाहिए: इलियाना

बॉलिवुड के अलावा कई तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अब हिंदी फिल्मों में भी अपनी जगह बना चुकी हैं। अनुराग बसु की फिल्म बर्फी से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली इलियाना ने फटा पोस्टर निकला हीरो, मैं तेरा हीरो, रुस्तम, मुबारकां, बादशाहो और रेड जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। हाल में इलियाना शिबानी दांडेकर के शो द लव, लाफ, लाइव शो में पहुंचीं जहां उन्होंने अपनी फिल्मों के अलावा अपने शौक और पर्सनल लाइफ के बारे में भी खुलकर बात की। यह शिबानी ने इलियाना से उनके एक पहले दिए गए बयान के बारे में भी पूछा जिसमें उन्होंने कहा था कि सेक्स का प्यार से कोई मतलब नहीं होता है। इसके जवाब में इलियाना ने कहा, शायद मेरे बयान को गलत तरीके से लिया गया। हो सकता है कि मैं किसी और बयान को कोट कर रही हूं जो मुझे पसंद आया हो और उसमें कहा गया हो कि मैं सेक्स को इंजॉय करती हूं और इसे वर्कआउट की तरह लेती हूं। मुझे यह ठीक नहीं लगता। मेरा मतलब है, मेरे ख्याल से आपको सेक्स को इंजॉय करना चाहिए लेकिन इसके लिए कुछ भावनाएं भी होनी चाहिए। जब आप प्यार में होते हैं तो सेक्स बहुत मजेदार होता है क्योंकि इसमें दो आत्माएं शामिल होती हैं। इस शो में इलियाना ने अपने ब्रेकअप के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब उनका दिल टूट गया तो उन्होंने शुगर लेना और वर्कआउट करना छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने पेंट करना शुरू कर दिया। इलियाना ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को खुद पर काम करने के लिए थोड़ा वक्त देना चाहिए। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो इलियाना जल्द ही अनीस बज्मी की कॉमिडी फिल्म पागलपंती में दिखाई देंगी। फिल्म में जॉ अब्राहम, अनिल कपूर, कृति खरबंदा, उर्वशी रौतेला, अरशद वारसी और पुलकित सम्राट जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

दिलकश अंदाज़ में नारियल पानी पी रही हैं किश्वर मर्चेंट

टीवी अभिनेत्री किश्वर मर्चेंट इन दिनों अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं. साथ ही साथ वह अपने फैंस के बीच इस वेकेशन की एल्बम की चंद तस्वीरों को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं. हाल ही में किश्वर पूल के अंदर बिकिनी में नजर आईं. अपनी इस हालिया तस्वीर में वह बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं. लगभग पांच साल के लंबे वक्त तक डेटिंग करने के बाद बीते साल 2016 के 16 दिसंबर को अभिनेत्री ने अपने ब्वॉयफ्रेंड और टीवी अभिनेता सुयश राय के साथ शादी रचाई. यह प्रेमी जोड़ी अब वैवाहिक जीवन का आनंद रही है. खास बात यह है कि दोनों के बीच सात साल का अंतर है. इसके बारे में बात करते हुए किश्वर ने पहले कहा था, शुरुआत में हमें हमारे बेस्ट फ्रेंड्स और फैमिली के सवालों के साथ लड़ना पड़ा, क्योंकि हमारे बीच सात साल का अंतर था. लेकिन आखिरकार उन्होंने हमें और हमारे फैसले को एक्सेप्ट कर लिया और हम एक साथ हो गए. पहले दिए एक इंटरव्यू में सुयश ने अपनी जर्नी के बारे में बात करते हुए कहा था, अब तक की हमारी जर्नी एक स्टीरियोटाइप कपल की नहीं है जो सिर्फ एक साथ हैं, बल्कि हम हर पल एक दूसरे को समझते हैं और एक दूसरे की म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग को काफी अहमियत देते हैं. हमारे बीच ऐसा विश्वास है जो शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है.